# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक: 17-05-2023

**प्रकाशनार्थ**

**ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विसेज, गोरखपुर ने एमओयू के तहत दिग्विजनाथ पी.जी. कॉलेज के बी.एड. प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया**

आज दिनांक 17/05/2023 को दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षक शिक्षा विभाग में आल इन वन कंसल्टेंसी सर्विसेज, गोरखपुर के तत्वावधान में 'एक अच्छा शिक्षक कैसे बने'? विषय पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की। कार्यशाला की प्रस्ताविकी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आल इन वन कंसल्टेंसी के निदेशक श्री गोविन्द पाण्डे ने कहा कि अच्छे शिक्षक होने के लिए सबसे पहली प्रेरणा हमें अपने आसपास के वातावरण, भाषा एवं अनुभव से प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि शिक्षक में आत्मविश्वास, शिष्टाचार एवं गुणात्मक शिक्षण का होना अति आवश्यक है। बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा के दौर में उन्होंने प्लान बी हेतु भी तैयार रहने को कहा। साथ ही उन्होंने यह बताया की हमारी कंपनी प्लेसमेन्ट और रोजगार के क्षेत्र में काम कर रही है। कंपनी की सभी सेवाएं गरीबों के लिए मुफ्त है। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के ऑफिस धर्मपुर नियर विमल मोंटेसरी स्कूल पादरी बाजार पर मिल सकते हैं या दिये गए हेल्पलाइन नंबर 7398681472, 9450079452 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके पश्चात रिसोर्स पर्सन सुश्री कनिका मेहता ने अच्छे शिक्षक के तकनीकी गुणों को बताया। उन्होंने अच्छे संचार कौशल तथा स्वयं अनुशासन के संबंध में विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने वर्तमान समय में बाजार की माँग के अनुरूप अपने आप को तैयार करने हेतु अंग्रेजी भाषा के ज्ञान पर विशेष बल दिया। कार्यशाला का समापन प्रो० (डॉ०) गीता सिंह द्वारा आभार ज्ञापन करके हुआ। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक प्रो० (डॉ०) अरुण कुमार तिवारी, प्रो० (डॉ०) शुभ्रा श्रीवास्तवा, डॉ० सुभाष चन्द्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप कुमार यादव, श्रीमती शालिनी पारीक तथा बी.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

प्रो० (डॉ.) अरुण कुमार तिवारी
विभाग प्रभारी
बी.एड. विभाग

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
मिडिया प्रभारी